दिनांक–03.09.2024 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ब्रुनेई और सिंगापुर की तीन दिवसीय यात्रा पर होंगे रवाना।
- मुख्यमंत्री ने विकास को गति देने वाली इंदौर–मनमाड़ रेलवे लाइन को मंजूरी देने पर केन्द्र सरकार का जताया आभार।
- प्रदेश में शिक्षक दिवस के अवसर पर 16 शिक्षकों को किया जाएगा सम्मानित।
- पैरिस पैरालिंपिक में भारत का अच्छा प्रदर्शन जारी। भाला फेंक में सुमित अंतिल ने जीता स्वर्ण पदक।

पीएम–ब्रुनेई–सिंगापुर यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, आज ब्रुनेई और सिंगापुर की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। कल नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय में सचिव जयदीप मजूमदार ने कहा कि यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ब्रुनेई की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। यह यात्रा भारत और ब्रुनेई के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। दूसरे चरण में, प्रधानमंत्री मोदी सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के निमंत्रण पर चार और पांच सितंबर को सिंगापुर की यात्रा करेंगे। दोनों नेता भारत–सिंगापुर रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा करेंगे और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार विमर्श करेंगे।

इंदौर–मनमाड़ रेलवे लाइन–मुख्यमंत्री

प्रदेश के विकास को और गति देने वाली इंदौर–मनमाड़ रेलवे लाइन परियोजना को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी दिए जाने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और रेलमंत्री प्रदेश की चिंताओं से पूरी तरह अवगत है।

बाईट– मुख्यमंत्री

कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रि–मंडलीय समिति ने लगभग 18 हजार 36 करोड़ रुपये की लागत वाली नई रेलवे लाइन परियोजना को मंजूरी दी है। इंदौर और मनमाड़ के बीच प्रस्तावित यह नई रेल लाइन मुबंई और इंदौर के बीच सीधा सम्पर्क प्रदान करेगी और नया रेल मार्ग वर्तमान रूट से 200 किलोमीटर कम होगा। जो क्षेत्र के व्यापक विकास के साथ ही लोगों को "आत्म–निर्भर" बनाएगा। परियोजना महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के 6 जिलों को कवर करेगी, जिससे भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 309 किलोमीटर की वृद्धि होगी। परियोजना के साथ 30 नए स्टेशन भी बनाए जाएंगे, जिससे मध्यप्रदेश के आकांक्षी जिले बड़वानी को बेहतर सम्पर्क मिलेगा। नई रेलवे लाइन परियोजना से लगभग 1 हजार गांवों और लगभग 30 लाख आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। इसके साथ ही कैबिनेट ने 13,966 करोड़ रुपये की लागत वाली सात प्रमुख कृषि परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को किसानों के हित में लिये गये इस निर्णय के प्रति आभार माना है।

समिति गठित –अहिल्या देवी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता अहिल्या देवी का 300 वां जन्मोत्सव वर्ष चल रहा है। इस अवसर पर लोकमाता के जनकल्याण के कार्यों को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अवसर पर सरकार विभिन्न कार्य करने वाली है। इसके लिए समिति गठित की गई है। यह समिति महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके जीवन में विभिन्न अधिकारों को दिलवाने के साथ ही बेहतर सुशासन के उदाहरण भी प्रस्तुत करेगी। सरकार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की इंदौर में अहिल्योत्सव कार्यक्रम में की गई घोषणा अनुसार समिति गठन का आदेश जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित समिति में संस्कृति मंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री सहित उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा के प्रमुख सचिव, इंदौर के मोहन गिरी, श्रीमती माला ठाकुर, सुश्री विनीता धर्म, श्रीमती ज्योति तोमर, श्री अशोक डागा, शहडोल की श्रीमती मेघा पंवार, करेली के श्री राकेश उदेनिया, गुना के श्री शिरोमणि दुबे और भोपाल के श्री धीरेन्द्र चतुर्वेदी शामिल हैं।

इंदौर–मेडिकल टूरिज्म

इंदौर को मेडिकल टूरिज्म का हब बनाने के लिए सांसद शंकर लालवानी ने चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों के साथ बैठक की है। सांसद ने 2030 तक इंदौर की जीडीपी दोगुना करने की योजना बनाई है। इसके अंतर्गत इंदौर को मेडिकल टूरिज़्म हब बनाने के लिए एक इकोसिस्टम डेवलप करने की योजना पर शहर के अस्पतालों, बड़े चिकित्सकों, पैथोलॉजी सेंटर्स, होटल एसोसिएशन, ट्रेवल एसोसिएशन के साथ बैठक की गई।

इसमें विशेषज्ञों ने अंतरराष्ट्रीय एक्रीडेशन की सबसे पहली आवश्यकता जताई। साथ ही, इंदौर के अस्पतालों द्वारा उच्चतम मानकों के पालन की व्यवस्था सुनिश्चित करने और अस्पतालों के लिए स्पेशलिटी तय करने पर ज़ोर दिया।

प्रधानमंत्री–भाजपा

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कल नई दिल्ली में पार्टी के सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। उन्हें पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सदस्यता नवीनीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा भारत की एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जो अपने काम का विस्तार करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन कर रही है।

पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा न केवल दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, बल्कि सबसे बडी लोकतांत्रिक पार्टी भी है। उन्होंने कहा कि कोई भी अन्य पार्टी भाजपा जैसी पारदर्शिता और ईमानदारी से अपना सदस्यता अभियान नहीं चलाती है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के वादों को कार्यों में बदलना होगा।

शिक्षक दिवस

शिक्षक दिवस पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में आयोजित किया जाएगा। समारोह में राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार में 14 शिक्षकों को और पिछले वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2023 के पुरस्कृत 2 शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। इन सभी शिक्षकों को समारोह में सम्मान राशि 25 हजार रूपये, शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति–पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इनमें प्राथमिक–माध्यमिक श्रेणी और उच्चतर माध्यमिक श्रेणी के शिक्षकों का सम्मान होगा।

ग्राम सड़क

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में सड़क निर्माण के मापदण्ड शिथिल होने के बाद देश में पहली सड़क प्रदेश के बालाघाट जिले के बिजाटोला गाँव में बनी है। जनजातीय क्षेत्र में सड़क बनने से यहां के लोगों को शिक्षा और व्यापार में मदद मिलेगी। साथ ही देश में पहली पीएम जनमन कॉलोनी भी प्रदेश में ही बनीं। यह जानकारी कल विकास भवन भोपाल में पंचायत एवं ग्रामीण विकास के कार्यों की समीक्षा में दी गईं। बैठक की अध्यक्षता पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने की। मंत्री श्री पटेल ने योजना के अपूर्ण कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना से सम्बंधित जो भी समस्याएँ हैं, उनका निराकरण किया जायेगा। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना में आवास और सड़क बनाने का काम शुरू हुआ है। प्रधानमंत्री की प्राथमिकता वाली इस योजना में प्रदेश अग्रणी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सड़क प्राधिकरण ने सराहनीय कार्य किया है।

इडी छापा

भोपाल में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के निलंबित रजिस्ट्रार आरएस राजपूत और तत्कालीन कुलपति प्रोफेसर सुनील कुमार के घर समेत भोपाल और नर्मदापुरम के सात ठिकानों पर सोमवार को ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने छापामार कार्रवाई की है। आरजीपीवी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में शिकायत पर यह कार्रवाई की जा रही है। ईडी के अधिकारी दस्तावेज खंगालने में जुटे हुए हैं। ईडी की अलग–अलग टीमों ने भोपाल में दो और नर्मदापुरम जिले के पिपरिया और सोहागपुर में पांच ठिकानों पर कार्रवाई की है।

पैरालिंपिक

पेरिस पैरालिंपिक 2024 के पांचवे दिन भारत पदक तालिका में 15वें स्थान पर पहुंच गया है। सुमित अंतिल ने भाला फेंक प्रतिस्पर्धा में अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखा है। अंतिल ने अपने दूसरे प्रयास में 70 दशमलव 59 मीटर भाला फेंक कर नया रिकार्ड भी बनाया।

बैडमिंटन में नितेश कुमार ने पुरुष सिंगल्स एसएल–3 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। सुहास यतिराज ने पुरुष सिंगल्स एसएल–4 श्रेणी में रजत पदक जीता। महिला सिंगल्स एसयू–5 में तुलसीमथी मुरुगेसन ने भी फाइनल में रजत पदक जीता। मनीषा रामदास और नित्या श्रे सिवन ने भी अलग–अलग श्रेणी में कांस्य पदक जीता। तीरंदाजी में शीतल देवी और राकेश कुमार को कांस्य पदक मिला। इससे पहले, योगेश कथूनिया ने पुरुषों के डिस्कस थ्रो एफ–56 वर्ग के फाइनल में रजत पदक जीतकर भारत को पांचवें दिन का पहला पदक दिलाया था।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी पदक विजेताओं को बधाई दी है।

आज निशानेबाज अवनी लेखरा दूसरे स्वर्ण के लिए खेलेंगी। वहीं, मरियप्पन थंगावेलु से भी पुरुषों की ऊंची कूद टी–63 फाइनल में पदक लाने की उम्मीद है।

समाचार संक्षेप में .....

- आगरमालवा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पोषण माह के सफल क्रियान्वयन हेतु कल हुई अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने गतिविधियों की जानकारी दी।
- अशोकनगर के ग्राम थूबोन में आज पीएम जनमन योजनांतर्गत समस्या निरावरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने इस शिविर में संबंधित अधिकारियों को अपने अपने विभाग से संबंधित पीएम जनमन योजना के तहत स्टॉल लगाने के निर्देश दिए है।
- धार में भगवान धारनाथ परंपरा अनुसार भादो मास के दूसरे सोमवार को शाही पालकी में विराजमान होकर प्रजा का हाल जानने के लिए नगर भ्रमण पर श्री धारेश्वर मंदिर से निकलें।
- खंडवा में कल पहली बार इस सीजन की तेज गरज–चमक के साथ मूसलाधार बारिश हुई । पिपलोद थाना क्षेत्र के मोरधड़ गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हैं।
- इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह ने एमवाय सहित अन्य अस्पतालों में लगे सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष को पुलिस नियंत्रण कक्ष से जोड़ने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा है कि जिससे किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति की निगरानी कर तत्काल कार्रवाई की जा सकेंगी।
- डिंडोरी कलेक्टर हर्ष सिंह ने कल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक ली। उन्होंने विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा के साथ राजस्व महाअभियान 2.0 के तहत संचालित कार्यों की भी समीक्षा की।
- पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार ने कल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को प्रति सप्ताह प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए हैं।

....................................